हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 14 मई 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

4
एसईसीएल का वादा, केलो नदी के प्राकृतिक प्रवाह से नहीं होगी किसी तरह की छेड़छाड़



## खबर संक्षेप

### दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र में प्रवेश प्रारंभ

**जशपुरनगर।** जिला खनिज संस्थान न्यास जशपुर द्वारा संचालित समर्थ आवासीय दिव्यांग प्रशिक्षण केन्द्र जशपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 1 से 5 एवं कक्षा 6 से 8 में प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। यह केंद्र मूक एवं श्रवण बाधित बच्चों के लिए संचालित है। इच्छुक माता-पिता व अभिभावक कार्यालयीन समय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ विद्यालयीन कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेज में आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, पिछली कक्षा की अंकसूची, पासपोर्ट साइज 2 फोटो लाना होगा।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। दुलदुला तहसील अंतर्गत ग्राम झरगांव निवासी स्व. विकसल लकड़ा का बांध के पानी में डूबने से 01 फरवरी 2026 नवम्बर 2022 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनकी पत्नी सुमीरा प्रभा लकड़ा हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### लापरवाही पर व्याख्याता एवं सहायक शिक्षक को नोटिस

**अंबिकापुर।** भारत की जनगणना 2027 के कार्यों में तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी लुण्ड्रा के प्रतिवेदन के अनुसार विकासखण्ड लुण्ड्रा के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्याख्याता राजपाल देव एवं शासकीय प्राथमिक शाला आमापरा के सहायक शिक्षक सुखदेव राम को जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। व्याख्याता राजपाल देव द्वारा एचएलबी नंबर 186 ससौली के प्रगणक के ऑनलाइन कार्य में लापरवाही बरती गई। वहीं सहायक शिक्षक सुखदेव राम द्वारा एचएलबी नंबर 0063 के प्रगणक के रूप में कार्य में लापरवाही किये जाने एवं जनगणना सुपरवाईजर के द्वारा प्रतिदिन नशा किए जाने सम्बन्धी जानकारी दी गई।

### अनियंत्रित कार 40 फीट गहरी खाई में गिरी



**अम्बिकापुर।** अम्बिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 स्थित कुंवरपुर बांध मोड़ पर तेज रफ्तार एक कार अनियंत्रित होकर 40 फीट गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। चालक कार में फस गया था जिसे कड़ी मशक्कत के बाद वाहन से बाहर निकाला गया। मूलतः उत्तरप्रदेश के भदोही निवासी अभिषेक पाण्डेय आ. अजय पाण्डेय रायपुर के कबीर नगर में रहता है तथा मंगलवार को कार से भदोही जाने के लिए निकला था। सुबह वह जैसे ही लखनपुर थानान्तर्गत कुंवरपुर बांध मोड़ पर पहुंचा तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर 40 फीट गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में कार पलट गई थी तथा उसके चारों चक्के ऊपर थे। सूचना पर तत्काल पुलिस पहुंची तथा कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे युवक को बाहर निकाला। गनीमत थी दुर्घटना के दौरान कार के सभी बैलून खुल गए थे इसलिए युवक की जान बच गई। घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार उपरांत तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया। पुलिस हादसे का कारण तेज रफ्तार को मान रही है। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त वाहन को बाहर निकालने की कार्रवाई में जुटी है।

### बागबहार थाना क्षेत्र में जमीन के मामले को लेकर की गई थी मारपीट

# रस्सी से बांधकर युवक की पिटाई का मामला: इलाके में तनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के बागबहार थाना क्षेत्र के झारपारा गांव में एक व्यक्ति को रस्सी से बांधकर बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आने के बाद इलाके में तनाव की स्थिति है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रों में भारी आक्रोश और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

■ पीड़ित पक्ष ने पुलिस से की कड़ी कार्रवाई की मांग

पीड़ित पक्ष ने गांव के कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित जोगेंद्र बढ़ई की पत्नी उषा बाई ने बताया कि गांव के रहने वाले नवीन बंजारा सहित उसके परिवार के कई लोगों ने मिलकर उनके पति को पकड़ ⏭ शेष पेज 4 पर



#### जमीन हड़पने की नीयत से पिटाई

महिला का आरोप है कि हमले के दौरान उनके पति के सिर, छाती, कमर और पैरों पर लगातार वार किए गए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं।उषा बाई ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी पक्ष लंबे समय से उनके परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। उनके अनुसार जमीन विवाद को लेकर लगातार दबाव बनाया जा रहा था और जमीन हड़पने की नीयत से उनके पति को निशाना बनाया गया। घटना वाले दिन भी विवाद इसी बात को लेकर बढ़ा, जिसके बाद मारपीट की घटना सामने आई।बताया जा रहा है कि घटना के दौरान मौजूद कुछ लोगों ने इसका वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में लोगों के बीच नाराजगी देखी जा रही है।

#### कठोर कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेकर इस तरह बांधकर पीटना बेहद गंभीर मामला है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराए जाने की जानकारी दी है। वहीं घटना के बाद से गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। लोग प्रशासन से निष्पक्ष जांच और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस की ओर से मामले की जांच किए जाने की बात कही जा रही है। वायरल वीडियो और पीड़ित परिवार के बयान के आधार पर पूरे घटनाक्रम की पड़ताल की जा रही है।

#### मिली है शिकायत

पुलिस को हाथ-पैर बांधकर युवक की पिटाई करने की शिकायत मिली है। बेरहमी से पिटाई की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर रही है।

-**अशोक शर्मा**, थाना प्रभारी, बागबहार थाना

## ओवरलोड ऑटो चलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**जशपुरनगर।** ऑटो में क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर संचालन करने संबंधी प्राप्त शिकायत पर जिला परिवहन अधिकारी जशपुर ने बताया कि इस प्रकार की अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम गठित कर शीघ्र ही विशेष जांच अभियान प्रारंभ किया जाएगा।

■ यातायात पुलिस व परिवहन विभाग संयुक्त रूप से चलाएंगे विशेष जांच अभियान

अभियान के दौरान ओवरलोड सवारी लेकर संचालित होने वाले ऑटोरिक्शा एवं नियमों के विरुद्ध चल रहे वाहनों की सघन जांच की जाएगी। जांच के दौरान जिन ऑटोरिक्शा संचालकों के पास आवश्यक दस्तावेज जैसे बीमा, फिटनेस, वैध परमिट एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं पाए जाएंगे अथवा जो वाहन क्षमता से अधिक सवारी लेकर संचालित होते पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही निर्धारित समझौता शुल्क भी वसूला जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी ऑटोरिक्शा संचालकों को निर्देशित किया है कि वे अपने वाहनों के समस्त आवश्यक दस्तावेज अद्यतन रखें और उन्हें वाहन में अनिवार्य रूप से संधारित करें। नियमों का पालन करते हुए ही वाहन संचालन सुनिश्चित करें, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और दुर्घटनाओं की संभावना को रोका जा सके। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और यातायात नियमों के उल्लंघन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आने वाले दिनों में चलाए जाने वाले अभियान के माध्यम से जिले में सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### ग्राम कल्याणपुर में हाथी के हमले से प्रभावित दो ग्रामीण परिवारों को प्रदान की गई मुआवजा राशि

**बिश्रामपुर।** महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के निर्देश पर जिला प्रशासन और वन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए कल्याणपुर गांव में हाथी हमले के शिकार हुए हितग्राहियों के परिजनों को मुआवजा राशि का वितरण कर दिया गया है। मंत्री श्रीमती राजवाड़े घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया था कि पीड़ति परिवारों को बिना किसी विलंब के सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए।

## दुलदुला स्वास्थ्य केंद्र बना जिले का पहला प्रमाणित संस्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। इसी कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुलदुला ने नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड प्रमाणन प्राप्त कर जशपुर जिले का पहला एनक्यूएएस प्रमाणित स्वास्थ्य संस्थान बनने का गौरव हासिल किया है। यह उपलब्धि न केवल दुलदुला क्षेत्र बल्कि पूरे जिले के लिए गुणवत्ता, विश्वास और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का प्रतीक बनकर उभरी है।

■ अस्पताल को मिला नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड प्रमाणन




नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा लागू किया गया एक राष्ट्रीय गुणवत्ता ढांचा है, जिसका उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों को बेहतर, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

इसके अंतर्गत अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों का मूल्यांकन विभिन्न महत्वपूर्ण मानकों पर किया जाता है, जिनमें संक्रमण नियंत्रण व्यवस्था, मरीजों की सुरक्षा एवं देखभाल, नैदानिक सेवाओं की गुणवत्ता, दवाओं की उपलब्धता एवं प्रबंधन, स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन, मरीजों की संतुष्टि तथा फीडबैक व्यवस्था प्रमुख हैं। दुलदुला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने इन सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

#### महत्वपूर्ण सुधार से मिली सफलता

इस उपलब्धि के पीछे मजबूत नेतृत्व, सतत मॉनिटरिंग और स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम की सामूहिक मेहनत रही। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. घनश्याम सिंह जात्रा के कुशल मार्गदर्शन में यह अभियान निरंतर आगे बढ़ाया गया। वहीं जिला स्तरीय स्वास्थ्य टीम के सहयोग तथा दुलदुला बीएमओ डॉ. अंजली निराला और डॉ. शोभा मिंज के लगातार प्रयासों ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरी प्रक्रिया में बीपीएम स्वर्णलता एक्का सहित अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मचारियों, सफाईकर्मियों एवं प्रशासनिक कर्मचारियों ने टीम भावना के साथ कार्य किया।

#### सभी मापदंड किए पूरे

एनक्यूएएस प्रमाणन प्राप्त करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुलदुला में कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए। मरीजों के लिए सुव्यवस्थित पंजीयन व्यवस्था विकसित की गई, वार्ड एवं शौचालयों को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया गया, संक्रमण नियंत्रण के लिए एसओपी का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया गया। इसके साथ ही दवाओं एवं उपकरणों के वैज्ञानिक प्रबंधन, प्रसव कक्ष, ओपीडी तथा आपातकालीन सेवाओं का उन्नयन भी किया गया। इन सभी व्यवस्थाओं का राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र की मूल्यांकन टीम द्वारा गहन निरीक्षण किया गया। सभी मापदंडों पर संतोषजनक प्रदर्शन के बाद स्वास्थ्य केंद्र को एनक्यूएएस प्रमाणन प्रदान किया गया।

## बगीचा नगर पंचायत बनी जनसेवा का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत नगर पंचायत बगीचा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज कराईं और शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। शिविर में प्रशासन द्वारा लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के साथ-साथ जनजागरूकता पर भी विशेष जोर दिया गया।

■ जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक



कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिदाम, उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर सभी उपस्थित नागरिकों को सड़क सुरक्षा एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु सामूहिक शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, ओवरस्पीड से बचने तथा स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। नागरिकों ने अपनी समस्याएं लिखित आवेदन के माध्यम से प्रस्तुत कीं, जिनका निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। अधिकारियों ने मौके पर ही कई आवेदनों का निराकरण किया तथा शेष आवेदनों के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल ⏭ शेष पेज 4 पर

#### आज कस्तुरा में लगेगा शिविर

दुलदुला जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम कस्तुरा में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन 14 मई को किया जाएगा। इस शिविर में 15 गांवों कस्तुरा, चांपाटोली, बरपानी, जामपानी, जामटोली, विपतपुर, बंगुरकेला, कोरना, छेरडांड, लोरो, रायडीह, झरगांव, बम्हनी, पतराटोली और दुलदुला के ग्रामीण अपनी समस्याओं व मांगों के आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

#### कोतबा में स्वच्छता श्रमदान अभियान

नगर पंचायत कोतबा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जो कि जनसेवा के साथ-साथ स्वच्छता जनजागरूकता का प्रभावी मंच बनकर सामने आया। शिविर के दौरान स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाकर नगर के विभिन्न स्थानों में व्यापक साफ-सफाई कार्य किया गया। स्वच्छता श्रमदान में जनप्रतिनिधियों, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों, गणमान्य नागरिकों एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### जमीन संबंधी शिकायतों पर प्रशासन सख्त

**जशपुरनगर।** पत्थलगांव क्षेत्र में जमीन संबंधी शिकायतों के संबंध में जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। कलेक्टर रोहित व्यास ने जमीन की अनियमितता के संबंध में समाचार पत्र में उल्लेखित तथ्यों की विस्तृत जांच के लिए जिला स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। जारी आदेश के अनुसार जांच समिति में डिप्टी कलेक्टर श्री प्रशांत कुमार कुशवाहा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। समिति में सदस्य के रूप में तहसीलदार पत्थलगांव जयश्री राजनपथे, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख प्रभारी नायब तहसीलदार कुनकुरी विष्णु गुप्ता तथा राजस्व निरीक्षक भू-अभिलेख जशपुर विनीत कुमार तिग्गा को शामिल किया गया है। कलेक्टर श्री व्यास ने समिति को निर्देशित किया है कि समाचार में उल्लेखित सभी तथ्यों एवं शिकायतों की बिंदुवार जांच करते हुए विस्तृत जांच प्रतिवेदन 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत किया जाए। जांच के दौरान संबंधित दस्तावेजों, नामांतरण प्रक्रियाओं तथा भूमि अभिलेखों की गहन समीक्षा की जाएगी, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच पर जोरः जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सौ फीसदी परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों के प्राचार्यों का सम्मान

**जशपुरनगर।** जिले के फरसाबहार विकासखंड में सभी शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालय के बोर्ड परीक्षा 10 वी एवं 12वीं के रिजल्ट की समीक्षा हेतु बैठक रखी गई 10 वी एवं 12वीं में 100% परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों के 13 प्राचार्यों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इनमें स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय तपकरा के प्राचार्य सी आर भगत। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय फरसाबहार के प्राचार्य प्रदीप कुजुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोल्हनझरिया के प्राचार्य अनंत कुमार सिंह। शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय कँदईबहार श्रीमति राज किशोरी तिग्गा। शासकीय हाई स्कूल सिंगीबहार ऊबराज नायक। शासकीय हाई स्कूल सुण्डरू मुन्ना राम भगत । शासकीय हाई स्कूल कुम्हारबहार गीता प्रसाद सिदार । शासकीय हाई स्कूल जोरंडाझरिया उल्लास चंद्र मिंज । शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंडरीपानी श्रीमती शोभा सिंह इनके अलावा अनुदान प्राप्त विद्यालयों में बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबला तपकरा से प्रसन्न तिर्की ।

### सड़क सुरक्षाः बगीचा हेलमेट पहनकर सड़कों पर उतरे सैकड़ों लोग

# एसएसपी के नेतृत्व में निकली विशाल बाइक रैली, यातायात नियमों के पालन का दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सड़क दुर्घटनाओं में हो रही लगातार जनहानि को रोकने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जशपुर पुलिस द्वारा बुधवार को बगीचा नगर में हेलमेट जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस अभियान में पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, शासकीय कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। सैकड़ों बाइक सवार हेलमेट पहनकर सड़क पर उतरे और सुरक्षित यातायात का संदेश दिया।

विशाल रैली का नेतृत्व डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने किया। उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार, एसडीएम बगीचा प्रदीप राठिया, एसडीओपी दिलीप कुमार कोसले, डीएसपी ट्रैफिक के.आर. चौहान, जिला परिवहन अधिकारी विजय निकुंज, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिदाम, उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, पार्षद एल.आर. चौहान एवं संतोषी नागेश सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



#### नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी रैली

हाई स्कूल ग्राउंड बगीचा से प्रारंभ हुई यह जागरूकता रैली मुख्य मार्ग, थाना रोड, बस स्टैंड, तहसील चौक, रौनी रोड, नहर पारा एवं कुरुमकेला होते हुए पुनः हाई स्कूल ग्राउंड पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के दौरान पूरे नगर में सड़क सुरक्षा से जुड़े संदेश गूंजते रहे। बाइक सवारों ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए लोगों को जागरूक किया।

#### हेलमेट जीवन रक्षा का कवच

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीआईजी एवं एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने कहा कि जिले में अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं में मौत सिर में गंभीर चोट लगने के कारण होती है, जिसका प्रमुख कारण हेलमेट नहीं पहनना है। उन्होंने कहा कि हेलमेट केवल पुलिस कार्रवाई से बचने का साधन नहीं बल्कि जीवन रक्षा का सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है।

#### दिया जागरूकता का संदेश

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिदाम ने उपस्थित नागरिकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। वहीं नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि छोटी-छोटी सावधानियां बड़ी दुर्घटनाओं से बचा सकती हैं। उन्होंने लोगों से स्वयं यातायात नियमों का पालन करने के साथ-साथ अपने परिवार और परिचितों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

#### सोशल मीडिया के जरिए अभियान

कार्यक्रम के दौरान युवाओं एवं नागरिकों ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश जारी कर हेलमेट पहनने और यातायात नियमों के पालन का संदेश व्यापक स्तर पर प्रसारित किया। इससे अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास किया गया।

## खबर संक्षेप

### नपं शिवनंदनपुर में अध्यक्ष व पार्षद पद के लिए नामांकन पत्र लिए गए

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर के निर्वाचन प्रक्रिया में आज मंगलवार को अध्यक्ष पद हेतु एक नामांकन व पार्षद पद हेतु तीन अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र लिए हैं।रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती शिवानी जायसवाल ने बताया कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर में निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होने उपरांत अब नामांकन पत्र लिए जाने की प्रक्रिया शुरू है। जिसमें पहले दिन सोमवार को केवल एक पार्षद पद हेतु नामांकन पत्र लिए गए थे, लेकिन मंगलवार को एक अध्यक्ष पद हेतु और तीन पार्षद पद हेतु नामांकन पत्र अभ्यर्थियों द्वारा लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया 18 मई तक चलेगी। प्रत्याशी प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करना व जमा करने की प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे। इसके बाद 19 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 21 मई तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसी दिन अंतिम प्रत्याशी सूची जारी कर चुनाव चिन्हों का आवंटन भी किया जाएगा। यहां पर पहले दिन पार्षद पद हेतु दो नामांकन अभ्यर्थियों द्वारा लिए गए हैं।

### दाबेली दुकान संचालक की संदिग्ध मौत, पार्षद ने की जांच की मांग

**अम्बिकापुर।** मिशन चौक निवासी एवं टुनटुन दाबेली दुकान के संचालक अमन ओझा की झारखण्ड में संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने के मामले में वरिष्ठ भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है तथा आईजी को ज्ञापन सौंप मामले की जांच कराने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने उल्लेख किया है कि मृतक अमन ओझा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गढ़वा में मिला है तथा उसकी हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। घटना के चार-पांच दिन पूर्व ही मृतक ने सोशल मीडिया पर अपनी वीडियो प्रसारित कर अपनी पत्नी व बच्चे को बहला फुसलाकर जयस्तंभ चौक निवासी एक समुदाय विशेष के युवक द्वारा अपने साथ ले जाने एवं युवक द्वारा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। मृतक ने अप्रैल महीने में मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस एवं कलेक्टर जनदर्शन में भी की थी लेकिन किसी ने भी मामले में संज्ञान नहीं लिया। उसने अपने आवेदन में पत्नी एवं बच्चे को भगाने वाले युवक एवं धमकी देने वाले लोगों के नाम एवं उनके मोबाइल नम्बर का भी उल्लेख किया है। वह मानसिक रूप से परेशान था। सबकुछ जानते हुए भी पुलिस की साइबर शाखा, नगर पुलिस अधीक्षक, गांधीनगर एवं कोतवाली पुलिस ने लापरवाही पूर्वक मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। पड़ोसी राज्य झारखण्ड के गढ़वा जिले में संदिग्ध परिस्थितियों में उसका शव मिलने से शहर एवं समाज में घोर निराशा एवं आक्रोश है।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 साल की सजा

**रायगढ़।** शादी करने का झांसा देकर नाबालिग को बहलाफुसला कर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में न्यायालय ने 20 वर्षीय आरोपी युवक को 20 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया है। इस संबंध में लोक अभियोजक गोविंद कुमार दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि कोतरा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी नाबालिग बालिका से आरोपी करन डोम पिता चैतनराम डोम 20 वर्ष से परिचय वर्ष 2024 में एक अज्ञात नंबर के कॉल से हुआ। जिसके बाद दोनों एक दूसरे मोबाइल के माध्यम से ही बातचीत करते थे। इसी बीच करन ने नाबालिग को पसंद करने की बात कही और इसी दौरान दोनों के बीच शादी करना भी तय हुआ। माह अप्रैल 2024 में करन नाबालिग के घर के पास पहुंचा और उसे घुमाने के बहाने बहलाफुसला कर कुम्भीचुआं पत्थलगांव ले गया, जहां उसने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। तब परिजनों ने नाबालिग बालिका के गुम होने की शिकायत थाने में दर्ज कराई, लेकिन इस घटना के बारे में नाबालिग ने अपने परिजनों को कुछ नहीं बताया। इसी बीच 27 मई 2025 को करन नाबालिग के घर के पास आया और शादी करने की बात कही। तब नाबालिग ने अपनी दादी को दुकान जाने की बात कहते हुए घर से निकली और करन के साथ 28 मई को गेरवानी और फिर पुरी ओडिशा चली गई। वहां से दोनों करन के मामा के घर चले गए, इस बीच आरोपी ने नाबालिग के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाया। जब उनका लोकेशन पुलिस को मिला तो पुलिस ने नाबालिक को बरामद करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

## दो साल से टंकियों के कंठ सूखे, बनी शोपीस

# तीन साल में नहीं बनी बिहारपुर समूह जल प्रदाय योजना, शुद्ध पानी के लिए तरस रहे ग्रामवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर के विभिन्न 19 ग्राम पंचायतों में घर-घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से करोड़ों रूपए खर्च कर पानी टंकियों का निर्माण कर दिया गया है लेकिन टंकियों को भरने के लिए अब तक पानी की व्यवस्था नहीं हो सकी है। टंकियों को भरने के लिए विभाग ने समूह जल आवर्धन योजना का निर्माण करने की योजना बनाई है लेकिन अभी तक यह योजना धरातल पर नहीं उतर सकी है।

**खास बात**

- टेंडर के लिए गलत दस्तावेजों का उपयोग करने पर विभाग ने निरस्त किया टेंडर, अब रिटेंडर की तैयारी

सूरजपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी-बिहारपुर में घर-घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की जलजीवन मिशन योजना लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की भेंट चढ़ गई है। विभाग ने करोड़ों रूपए खर्च कर गांव-गांव में तीन वर्ष पूर्व ही पानी टंकियों का निर्माण करा दिया है। पूरे गांव में पाइप लाइन का भी विस्तार कर दिया है लेकिन 3 साल का लम्बा समय गुजरने के बावजूद इन टंकियों में पानी भरने की व्यवस्था नहीं हो सकी है। हालत यह है कि पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण अभी भी पांच गांवों की पानी टंकियों का निर्माण पूरा नहीं हो सका है।

इन आधी अधूरी टंकियों के निर्माण में भी विभाग रूचि नहीं ले रहा है। बताया जा रहा है कि अभी तक जहां पानी की व्यवस्था नहीं हो सकी है वहां आधे-अधूरे निर्माण कार्यों के लिए शासन द्वारा ही राशि उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। विभाग वर्ष 2023 में जलजीवन मिशन के लिए क्षेत्र के गांवों में टंकी निर्माण एवं पाइपलाइन विस्तार की स्वीकृति प्रदान की थी। इसी दौरान बिहारपुर समूह योजना निर्माण की भी जिम्मेदारी ठेकेदार को सौंपी गई थी। ठेकेदार ने ग्राम पंचायत ठाड़पाथर अंतर्गत रेडी बहरा स्थित रकसगंडा नदी के किनारे 20 करोड़ की लागत से समूह जल प्रदाय योजना के तहत पानी टंकी, फिल्टर प्लांट सहित अन्य संरचनाओं के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की थी। ठेकेदार ने स्वीकृति उपरांत रेडीपहरी स्थित रकसगंडा नदी तट पर निर्माण भी शुरू कर दिया था। ठेकेदार ने योजना की नींव तैयार करने के बाद निर्माण को अवरूद्ध कर दिया। इस दौरान टेंडर के लिए उपयोग किए गए ठेकेदार के दस्तावेजों की जांच कराई गई तो बड़ी लापरवाही सामने आई। ठेकेदार द्वारा टेंडर हासिल करने के लिए गलत दस्तावेजों का सहारा लेने का खुलासा हुआ। ठेकेदार की इस लापरवाही पर शासन ने बिहारपुर समूह जल प्रदाय योजना का टेंडर निरस्त कर दिया। अब विभाग योजना के निर्माण के लिए नए ठेकेदार को तलाश रहा है।



आधी-अधूरी पानी टंकी।

**दो साल से सूखे टंकियों के कंठ**

पानी के अभाव में पिछले दो साल से अधिक समय से टंकियों के कंठ सूखे हैं। हर गांव में पानी टंकी निर्माण एवं पाइपलाइन विस्तार पर 1.38 करोड़ रूपए खर्च किए गए है। वर्षों से खाली पानी टंकियां खराब हो रही है। क्षेत्रवासी अधिकांश पानी टंकियों में पानी का रिसाव होने की संभावना जता रहे हैं। विभाग ने ठेकेदारों को निर्माण का भुगतान भी कर दिया है लेकिन अभी तक किसी टंकी की गुणवत्ता की जांच नहीं की गई है। ग्राम पंचायत मोहली में गुणवत्ताहीन पानी टंकी निर्माण करने की शिकायत पर तत्कालीन कलेक्टर रोहित व्यास ने 18 अक्टूबर 2024 को पानी टंकी का निरीक्षण किया था। उन्होंने टंकी में पानी भरवाया तो पानी का रिसाव होने पर नाराजगी जताई थी तथा अधिकारियों को सभी खाली टंकियों को तत्काल भरवाने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर का कहना था तराई नहीं होने से टंकियों में इस तरह की समस्या निर्मित हो सकती है। पानी भरने से इस तरह की समस्या नहीं होगी। कलेक्टर के सख्त निर्देश के बावजूद अधिकारियों ने खाली टंकियों में पानी नहीं भरवाया।

**टूट रही पाइपलाइन**

घर-घर पानी आपूर्ति करने के लिए ठेकेदारों द्वारा गांव-गांव में बिछाई गई पाइप लाइन दो सालों से अनुपयोगी पड़ी हैं तथा धूप व गर्मी के प्रभाव से अब टूट रही है। जगह-जगह की मिट्टी दबने के कारण पाइपलाइन दबकर क्षतिग्रस्त हो गई है। पानी की आपूर्ति नहीं होने के कारण ग्रामवासी भी इसकी सुरक्षा पर ध्यान नहीं दे रहे है। भुगतान लेने के बाद ठेकेदारों ने भी पाइपलाइन का जायजा लेना बंद कर दिया है। समूह जल प्रदाय योजना की निविदा प्रक्रिया पूरी होने में एक महीने से अधिक समय लगने की संभावना जताई जा रही है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद समूह जल प्रदाय योजना का निर्माण प्रारंभ होगा। निर्माण स्थल दूरस्थ इलाके में होने के कारण निर्माण सामग्रियों की उपलब्धता भी आसान नहीं है तथा निर्माण पूरा होने में एक साल से अधिक समय लगने की संभावना है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को स्वच्छ पेयजल के लिए अभी लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

**चल रही प्रक्रिया**

बिहारपुर समूह जल प्रदाय योजना के लिए रिटेंडर की प्रक्रिया चल रही है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद योजना का निर्माण प्रारंभ किया जाएगा।

-**अविनाश मिंज**, सहायक यंत्री, पीएचई

### बेटे ने मां की सिलबट्टा मारकर कर दी थी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** लटोरी चौकी अंतर्गत ग्राम गजाधरपुर में मां की हत्या करने वाले आरोपी पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है,आरोपी ने मसाला पीसने वाले पत्थर के सिलबट्टा लोढ़े से सिर पर वार कर अपनी मां की हत्या कर दी थी। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार गत 10 मई को ग्राम गजाधरपुर निवासी फुलेन बाई पति स्वर्गीय ईश्वर प्रसाद चेरवा 50 वर्ष को उसके पुत्र दिगम्बर प्रसाद चेरवा ने मसाला पीसने वाले पत्थर के लोढ़े से सिर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था,परिजनों द्वारा महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसी दिन शाम करीब 7 बजे उसकी मौत हो गई,मामले की सूचना पर लटोरी पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी पुत्र के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर एफएसएल टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान आरोपी दिगम्बर प्रसाद चेरवा पिता स्वर्गीय ईश्वर प्रसाद,उम्र 34 वर्ष निवासी गजाधरपुर चौकी लटोरी थाना जयनगर को मंगलवार को गिरफ्तार करते हुए पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मसाला पीसने वाला सिलबट्टा लोढ़ा भी जब्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय सूरजपुर में पेश किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके पिता की पिछले वर्ष कुएं में गिरने से मृत्यु हो गई थी, जिसके मुआवजे की राशि उसकी मां को मिलने वाली थी,आरोपी ने पूर्व में मां से मुआवजे में हिस्सा मांगा था, लेकिन मां द्वारा इंकार करने पर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। घटना वाले दिन आरोपी ने मां से खाना मांगा था, जिस पर मां ने स्वयं निकालकर खाने की बात कही,इसी बात और पहले से मुआवजे के पैसों को लेकर चल रहे आवेश में आकर उसने पत्थर के लोढ़े से सिर पर हमला कर दिया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी लटोरी अरुण कुमार गुप्ता, प्रधान आरक्षक रामनिवास तिवारी, आरक्षक विकास कुमार मिश्रा,हरिओम पांडे, संतोष जायसवाल, अवधेश पैकरा एवं महिला आरक्षक मालती शोभा एक्का सक्रिय रहे।



### अवैध महुआ शराब जब्त, 4 आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। पुलिस ने थाना तमनारए भूपदेवपुर और चक्रधरनगर क्षेत्र में अलग.अलग छापेमारी कर कुल 98 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की है। इस कार्रवाई में 2 महिलाओं समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पहली कार्रवाई तमनार थाना में की गई है जहां ग्राम सारसमाल कुधरी भदरा खेत के पास एक व्यक्ति अवैध महुआ शराब बिक्री के लिए रखा हुआ है। पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी परमानंद उरांव 43 वर्ष को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से अलग.अलग जरीकेन और प्लास्टिक डिब्बों में भरी 60 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। इसी तरह दूसरी कार्यवाही भूपदेवपुर पुलिस ने करते हुए ग्राम किरीतमाल में आरोपी गंगाधर सिदार 59 वर्ष के कब्जे से 8 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की।

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की विभागवार समीक्षा

**सूरजपुर।** कलेक्टर श्रीमती रेना जमील की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभागवार लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जन शिकायत, मुख्यमंत्री जन चौपाल, पीएमओ पोर्टल एवं कलेक्टर कार्यालय को प्राप्त जन शिकायतों, जनसमस्याओं एवं मांगों की जांच कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए।

- लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

बैठक में न्यायालयीन मामलों, योजनाओं की प्रगति तथा लंबित प्रकरणों की स्थिति की गहन समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि समस्त समय-सीमा पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जिन प्रकरणों के जवाब लंबित हैं उनमें तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य, लोक निर्माण, जल संसाधन, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, जिला योजना तथा आपदा प्रबंधन सहित अन्य विभागों के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और समन्वय आवश्यक है तथा आमजन से जुड़े प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई की जाए। सुशासन तिहार के संदर्भ में कलेक्टर श्रीमती जमील ने समाधान शिविरों के सुचारू संचालन, प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निराकरण तथा हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि सुशासन तिहार का मूल उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप त्वरित एवं समयबद्ध ढंग से निराकरण सुनिश्चित करना है। शिविरों में प्राप्त समस्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बैठक में धान के उठाव व आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए खाद-बीज की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को लेकर अद्यतन जानकारी ली गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन केंद्रों से शेष धान का उठाव शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा खरीफ सीजन हेतु किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जनपद पंचायत ओड़गी, प्रेमनगर एवं भैयाथान में अधिक संख्या में लंबित आवासों तथा धीमी प्रगति वाले ग्राम पंचायतों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।



## आमगांव खदान प्रभावित आठ भूस्वामियों को प्रबंधन से मिला नियुक्ति पत्र

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की आमगांव खदान से प्रभावित भू-स्वामियों को चरणबद्ध तरीके से रोजगार प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को खदान प्रभावित परिवारों के आठ सदस्यों को एसईसीएल में नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र सौंपे गए। नियुक्ति पाने वालों में रवि प्रकाश सिंह पिता चित्रांगद सिंह, अनिल प्रताप सिंह पिता हुबलाल सिंह, महेश्वर सिंह पिता देवीप्रताप, मंजीत कुमार पिता हुबलाल सिंह, गोविंद सिंह पिता देवरतन सिंह, किस्मतिया पिता धनसाय, शिवनाथ पिता रामप्रसाद एवं अतवार साय पिता बीरबल शामिल हैं। सभी हितग्राही ग्राम पटना के निवासी बताए गए हैं। इनमें महिला सदस्य किस्मतिया की पदस्थापना बिश्रामपुर क्षेत्र में की गई है, जबकि अन्य सभी पुरुष सदस्यों को बैकुंठपुर क्षेत्र में पदस्थ किया गया है। क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह ने सभी को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए कंपनी हित में ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि अब आज से आप सभी कंपनी के कर्मचारी हैं, इसलिए खदान संचालन में आने वाले अवरोधों को दूर कर कोयला उत्पादन में सहयोग करना उनका दायित्व है।



गौरतलब है कि आमगांव खदान का विस्तार ग्राम पटना क्षेत्र में किया जा रहा है, जहां 464 भू-स्वामियों को रोजगार देने की प्रक्रिया जारी है। अब तक 208 भू-स्वामियों के नौकरी प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके हैं, वहीं करीब 81 करोड़ रुपये से अधीक की मुआवजा राशि वितरित की जा चुकी है। इधर, पिछले दिनों डायवर्शन सड़क निर्माण को लेकर खदान क्षेत्र में उत्पन्न विवाद की स्थिति अब सामान्य होती नजर आ रही है, इससे प्रबंधन को खदान संचालन और कोयला उत्पादन में तेजी आने की उम्मीद है।नियुक्ति पत्र सौंपने के दौरान आमगांव सहक्षेत्र प्रबंधक विजय कुमार,आशीष क्लारेंस,वीसी चतुर्वेदी उपस्थित थे।

## नहर निर्माण कार्य में लगा ट्रैक्टर पलटा, दबकर ग्रामीण की मौत

**वाड्रफनगर।** मंगलवार को म सोनहत के समीप नहर निर्माण कार्य में लगा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में मातम पसर गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि रघुनाथनगर थाना क्षेत्र में जल संसाधन विभाग द्वारा नहर का निर्माण कराया जा रहा है। नहर निर्माण कार्य में ग्राम पंडरी निवासी 50 वर्षीय विजय दुबे भी लगे हुए थे। विजय दुबे मंगलवार को निर्माण सामग्री लेकर ट्रैक्टर से ग्राम पंचायत सोनहत की ओर जा रहे थे। इस दौरान गांव के मोड़ पर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर के पलटने से विजय दुबे इंजन के नीचे दब गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। वहीं घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है और परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में रघुनाथनगर थाना प्रभारी धीरेन्द्र तिवारी ने बताया कि ट्रैक्टर के नीचे दबने से ग्रामीण की मौत हुई है। मामले में मर्ग कायम किया गया है और घटना की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बस में छूटा महिला नकदी व जेवर से भरा पर्स, साइबर सेल ने लौटाया

**अंबिकापुर।** बस में यात्री का नगदी व जेवर से भरा बैग छूट गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस व साइबर सेल की टीम ने एक घंटे के भीतर बस को ट्रैक कर महिला को उसका बैग सही सलामत वापस लौटाया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के पलामू पड़वा मोड़ निवासी श्रवन सिंह आ. स्व. परमेश्वर सिंह पत्नी के साथ गढ़वा रोड से बस में बैठकर अम्बिकापुर आ रहे थे। अंबिकापुर पहुंचने के बाद वे परिवार के साथ बस से उतर गए लेकिन बस के जाने के कुछ देर बाद उन्हें पता चला कि पत्नी का लेडीज हैण्ड बैग बस में ही छूट गया है। उक्त बैग में महिला के सोने के आभूषण, नगदी रकम और मोबाइल फोन भी मौजूद थे। श्रवन सिंह ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद साइबर सेल प्रभारी अजीत कुमार मिश्रा व साइबर सेल की टीम ने बस को ट्रैक करने के साथ ही रास्ते में रुकवाकर वाहन की जांच की। इस दौरान महिला का बैग बस में ही मिला। बैग में महिला का सोने का मंगलसूत्र चैन, कान का सोने का बाली एवं नगदी 10 हजार रूपए एवं मोबाइल फोन बरामद किया गया। साइबर सेल से प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान एवं आरक्षक राहुल केरकेट्टा ने दम्पति को उनका खोया हुआ पर्स वापस लौटाया।



## केशवनगर सबस्टेशन में केबल चोरी प्रयास के फरार दो आरोपी गिरफ्तार

बिश्रामपुर। केशवनगर स्थित 120 केवी सबस्टेशन में केबल चोरी के प्रयास के मामले में फरार चल रहे दो आरोपी युवक को बिश्रामपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पूछताछ के बाद सूरजपुर न्यायालय पेश किया गया। जानकारी के अनुसार 31 मार्च की मध्यरात्रि कुछ युवक केशवनगर स्थित 120 केवी सबस्टेशन में केबल चोरी करने घुसे थे। इस दौरान सबस्टेशन में तैनात सुरक्षाकर्मियों एवं पुलिस पेट्रोलिंग टीम की सतर्कता से आरोपी अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके। मौके पर एक आरोपी कृष्णा साहनी निवासी भटगांव को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया था। मामले में पुलिस ने कृष्णा साहनी के विरुद्ध धारा 331(4), 305(ए) एवं 62 बीएनएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया था। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश लगातार जारी थी। इसी क्रम में घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपी आर्यन कांशी पिता संजू कांशी, उम्र 19 वर्ष निवासी शिवनंदनपुर एवं सैफुल अंसारी को बिश्रामपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद दोनों आरोपी को सूरजपुर न्यायालय में पेश किया गया है।

## किसानों के आंदोलन का असर, 8 करोड़ की राशि किसानों के खातों में जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

मां महामाया शक्कर कारखाना केरता से जुड़े गन्ना किसानों एवं मजदूरों के लंबे समय से लंबित भुगतान को लेकर चल रहा आंदोलन अब असर दिखाने लगा है। किसानों की लगातार नाराजगी, धरना-प्रदर्शन और तालाबंदी की चेतावनी के बाद आखिरकार शासन हरकत में आया है। मंगलवार को किसानों की करीब 16 करोड़ रुपये की बकाया राशि में से 8 करोड़ रुपये किसानों के खातों में जमा करा दिए गए हैं, जबकि शेष राशि भी शीघ्र जारी किए जाने की बात कही गई है। इसकी जानकारी जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 11 सुरेश कुमार आयाम ने दिया

- लम्बे समय से कर रहे थे आंदोलन

गौरतलब है कि विगत 8 अप्रैल को जिला पंचायत सदस्य सुरेश आयाम एवं गन्ना किसानों के प्रतिनिधिमंडल द्वारा ज्ञापन सौंपकर मांग की गई थी कि 15 दिनों के भीतर गन्ना किसानों एवं मजदूरों की लंबित राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कारखाने में किसानों का अध्यक्ष निर्वाचित कराने की मांग भी उठाई गई थी। ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि यदि समय सीमा के भीतर भुगतान नहीं हुआ तो किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बावजूद इसके जब शासन और प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं हुई, तब पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 अप्रैल को मां महामाया शक्कर कारखाना केरता में किसानों ने ताला बंदी कर दी और नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा शक्कर उठाव पर भी रोक लगा दी गई। इस आंदोलन का नेतृत्व जिला पंचायत सदस्य सुरेश आयाम ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में गन्ना किसान, मजदूर और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। आंदोलन के दौरान किसानों ने साफ कहा था कि कई महीनों से भुगतान नहीं होने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया था, वहीं किसान कर्ज और खेती के खर्च को लेकर परेशान थे। आंदोलन को जिला कांग्रेस कमेटी का भी खुला समर्थन मिला। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि सिंह, कारखाना के पूर्व अध्यक्ष विद्यासागर सिंह आयाम नवीन जायसवाल एवं किसान मौजूद रहे। जिला पंचायत सदस्य सुरेश आयाम ने कहा कि किसानों और मजदूरों की एकजुटता तथा आंदोलन के दबाव के कारण शासन को निर्णय लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह किसानों की पहली जीत है, लेकिन जब तक पूरी राशि का भुगतान नहीं हो जाता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि शेष राशि के भुगतान में देरी की गई तो किसान फिर से उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



ज्ञापन सौंपते किसान।

## मवेशी तस्करी मामले में फरार आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

पुलिस ने मवेशी तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी बरियों ने छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1)(घ) के तहत मामला दर्ज किया गया था। पूर्व में पुलिस ने मामले में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया था जबकि ग्राम आरा निवासी जलाल साह आ. स्व.सिराज साह ( 37 वर्ष) फरार था। पुलिस के मुताबिक 20 मई 2025 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम आरा के कुछ लोग झारखंड के मवेशी तस्करों के साथ मिलकर मवेशियों को बुचड़खाने भेजने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना पर चौकी प्रभारी बरियों ने पुलिस टीम के साथ ग्राम आरा के सरनापारा क्षेत्र में गागर नदी किनारे जंगल के पास दबिश दी। जहां पिकअप क्रमांक जे एच 03 ए एम 4025 खड़ी मिली, जिसमें कुछ लोग मवेशियों को लोड कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को देखते ही आरोपी वाहन छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने वाहन एवं मवेशियों को जब्त कर पंचनामा कार्रवाई की। मामले की विवेचना के दौरान वाहन स्वामी और अन्य आरोपियों की पहचान की गई। पुलिस ने पूर्व में पिकअप चालक रंका अंतर्गत मानपुर निवासी तहकीक अंसारी व वाहन स्वामी त्रिवेणी प्रजापति तथा आबिद अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया था। वहीं मामले में शामिल आरोपी जलाल साह की लगातार तलाश की जा रही थी। इसी बीच पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फरार आरोपी को ग्राम कोरंधा से गिरफ्तार किया।



### दो फरार मवेशी तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

राजपुर पुलिस ने पशु तस्करी करने के मामले में फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका था। पुलिस ने पांच आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(घ) के तहत कार्रवाई की है।पुलिस के मुताबिक 11 अप्रैल की रात गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पिकअप वाहन क्रमांक जे एच 01 जीएन 8143 में मवेशियों को अंबिकापुर से राजपुर होते हुए झारखंड के गुमला की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने थाना के सामने अंबिकापुर रोड पर घेराबंदी कर वाहन को रोका। पूछताछ में वाहन चालक द्वारा पुलिस को भ्रामक जानकारी दी गई, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर पूरा मामला सामने आ गया। वाहन स्वामी टांगरझरिया थाना बसिया गुमला निवासी संदीप बड़ाईक ने बताया कि ग्राम जयनगर निवासी गुड्डू पंडित द्वारा दो गाय और दो बछिया को गुमला निवासी अनुज राम के पास भेजने के लिए वाहन में लोड कराया गया था। पुलिस ने वाहन सहित मवेशियों को जब्त कर विवेचना शुरू की थी। प्रकरण में शामिल तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था, लेकिन दो आरोपी देवेश कुमार मिश्रा उर्फ गुड्डू पंडित और मोहम्मद सलमान घटना के बाद से फरार थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शिवनंदनपुर निवासी देवेश कुमार मिश्रा उर्फ गुड्डू पंडित व जयनगर निवासी मो.द सलमान को गिरफ्तार किया।






# भगवान शिव की भूमिका निभाएंगे रणवीर...

**मुंबई।** रणवीर सिंह अपनी फिल्मों में एक बड़ा बदलाव करने जा रहे हैं। वह एक प्रसिद्ध लेखक की शिव त्रयी (मेलुहा के अमर श्रृंखला) पर बनी फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणवीर भगवान शिव का किरदार निभाएंगे रणवीर ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी मां कसम फिल्म्स के जरिए 'द इमॉर्टल्स ऑफ मेलुहा' के अधिकार खरीद लिए हैं। यह किताब और इसके दो सीक्वल प्राचीन मेलुहा राज्य में एक हिमालयी योद्धा की कहानी बताते हैं। रणवीर ने बिरला स्टूडियोज के साथ मिलकर इस कहानी को तीन बड़ी फिल्मों की श्रृंखला (त्रयी) के रूप में बनाने की योजना बनाई है। रणवीर काफी समय से इसकी कहानी को बड़े पर्दे पर लाना चाहते थे।

लाइफ Style



# प्रियंका

## मीरा की फिल्म अमरी में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रसिद्ध निर्देशक और निर्माता मीरा नायर अपनी नई फिल्म 'अमरी' लेकर आ रही हैं। यह फिल्म भारत की मशहूर पेंटर के जीवन और उनकी कला पर आधारित है। डॉक्यूमेंट्री फिल्मों से अपने निर्देशन कॅरियर की शुरुआत करने वाली मीरा नायर अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं।

इस फिल्म का नाम है 'अमरी'। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और जयदीप अहलावत के अलावा भी कई कलाकाल महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। मीरा नायर की नई फिल्म 'अमरी' में मुख्य भूमिका में अंजलि शिवरामन अमृता शेर-गिल का किरदार निभाएंगी। एमिली वॉटसन उनकी मां मैरी-एंटोनेट का रोल करेंगी। जयदीप अहलावत उनके पिता उमराव सिंह शेर-गिल के किरदार में नजर आएंगे। क्रिस्टियन साकवारी विक्टर ईगन के रूप में नजर आएंगी। अंजना वासन इंदिरा शेर-गिल के रूप में और जिम सरभ कार्ल खंडालावाला के रूप में नजर आएंगे। इन सभी के अलावा प्रियंका चोपड़ा मैडम अजूरी के रोल में नजर आएंगी। प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म की एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर भी हैं। मंगलवार को मीरा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी नई फिल्म 'अमरी' का पहला लुक जारी किया है। अमृता शेर-गिल की कला ने मीरा नायर को बहुत प्रभावित किया है। एएनआई के अनुसार मीरा ने कहा, ''अमरी' अमृता शेर-गिल की कला से प्रेरित है। उन्होंने यूरोप में अच्छी ट्रेनिंग ली और फिर भारत की आत्मा को अपनी पेंटिंग में उतारा। उनके रंगों की हिम्मत और आम लोगों को चित्रित करने का तरीका मुझे हमेशा प्रभावित करता रहा है।'

हॉलीवुड मसाला




# वन लाइफ... से मिली पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** 'वन लाइफ टू लिव' और 'हाउ टू सरवाइव अ मैरिज' जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री जेनिफर हरमन का निधन हो गया है। जेनिफर ने 82 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा। जेनिफर हरमन लोकप्रिय टीवी शो 'वन लाइफ टू लिव' में 'कैथी' का किरदार निभाने के लिए जानी जाती थीं। वह इस भूमिका को निभाने वाली पांचवीं अभिनेत्री थीं। उन्होंने 1976 से 1978 तक यह रोल किया और इसके लिए डे-टाइम एमी अवॉर्ड के लिए नामांकन भी मिला था। इससे पहले उन्होंने 1974-75 में एनबीसी के शो 'हाउ टू सरवाइव ए मैरिज' में मुख्य भूमिका में नजर आई थीं।



# ब्रिटनी को हुई एक दिन की जेल, कबूला जुर्म

**लॉस एंजिल्स।** प्रिंसेस ऑफ पॉप कही जाने वाली अमेरिकन सिंगर-परफॉर्मर ब्रिटनी स्पीयर्स एक कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। ब्रिटनी ने साउथ कैलिफोर्निया में शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले से जुड़े कम गंभीर आरोप में अपना जुर्म कबूल कर लिया। इसके बाद सिंगर को 12 महीने का प्रोबेशन और एक दिन के जेल की सजा सुनाई गई है।ब्रिटनी स्पीयर्स ने अपने वकील माइकल ए गोल्डस्टीन के जरिए वेंचुरा काउंटी सुपीरियर कोर्ट में अपना जुर्म कबूल किया। स्पीयर्स सुनवाई में मौजूद नहीं थीं, उनके वकील ने उनका प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद वेंचुरा काउंटी कमिश्नर मैथ्यू नेमरसन ने ब्रिटनी स्पीयर्स को 12 महीने का प्रोबेशन और एक दिन की जेल की सजा सुनाई। उन्हें जरूरी जुर्माना भरने, राज्य द्वारा निर्धारित तीन महीने के ड्राइविंग अंडर इन्फ्लुएंस एजुकेशन प्रोग्राम को पूरा करने का भी आदेश दिया।



# महाकालेश्वर पहुंचीं तमन्ना आरती में दिखीं लीन

**मुंबई।** अभिनेत्री तमन्ना भाटिया मंगलवार को महाकाल के दर्शन करने पहुंचीं। उन्होंने उज्जैन के महाकालेश्वर में भस्म आरती में भाग लिया और प्रार्थना की। इस दौरान तमन्ना पूरी तरह से महाकाल की भक्ति में लीन नजर आईं। दर्शन करने के बाद उन्होंने अपने अनुभव को भावपूर्ण और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर बताया। उन्होंने कहा, 'इस स्थान पर तभी जाया जा सकता है, जब खुद महाकाल का बुलावा आता है। सभी के साथ बैठकर भस्म आरती देखने का मौका मिलना अपने आप में एक खास अनुभव है। यह एक ऐसा एहसास जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती। यहां आकर मन को शांति मिलती है और अंदर सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है। यहां एक ऐसी ऊर्जा है, जिसे सबके साथ बैठकर महसूस करना वाकई आनंदित करता है। यहां आना मेरा सौभाग्य है।'



# वकील की भूमिका में होंगी सोनाक्षी...

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा एक कोर्टरूम ड्रामा के साथ वापसी कर रही हैं। उनकी आगामी फिल्म 'सिस्टम' का ट्रेलर मंगलवार जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में सोनाक्षी एक वकील की भूमिका में नजर आ रही हैं। फिल्म का ट्रेलर सत्ता, महत्वाकांक्षा और न्याय के टकराव की एक रोमांचक कानूनी लड़ाई की झलक दिखाता है। सिस्टम 22 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। 2 मिनट के इस ट्रेलर की शुरुआत सोनाक्षी के किरदार नेहा से होती है। नेहा एक दृढ़ निश्चयी युवा वकील है और अपने पिता की लॉ फर्म में पार्टनर बनने के लिए खुद को योग्य साबित करने की कोशिश कर रही है। इसके लिए पिता (आशुतोष गोवारिकर) उसे एक कठिन केस लेने की चुनौती देते हैं। अपनी लड़ाई को मजबूत करने के लिए, नेहा सारिका (ज्योतिका) को अपने साथ लाती है।

टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी में स्टंट करने में मेरी हालत होगी खराब...

**नई दिल्ली।** टीवी पर हमेशा हंसते, दूसरों को सहज महसूस कराते और हर मुश्किल पल को मजाक में बदल देने वाले ऋत्विक धनजानी इस बार खुद डर के बीच फंसे नजर आएंगे। दरअसल, ऋत्विक 'खतरों के खिलाड़ी 15' में बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लेने जा रहे हैं। लेकिन, दिलचस्प बात ये है कि 'खतरों के खिलाड़ी 15' में जाने से पहले ऋत्विक किसी माचो इमेज में फिट होने की कोशिश नहीं कर रहे। हाल ही में उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर मैं डरूंगा, तो वो दिखेगा भी। ऋत्विक ने अपने गेम प्लान, डर, स्टंट और मेडिटेशन के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें आज भी ऊंचाई से डर लगता है। उन्होंने कहा, 'हाइट्स हमेशा से मेरे लिए थोड़ा ट्रिगर रही हैं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो कैमरे के सामने ये दिखाएं कि मुझे किसी चीज से फर्क नहीं पड़ता। अगर डर है तो है। मैं उसे छिपाने वाला नहीं। मुझे लगता है लोग आज बहुत जल्दी नकली चीज पकड़ लेते हैं। इसलिए, मैं यहां कोई सुपरहीरो बनने नहीं आया हूं। मैं बस रियल रहना चाहता हूं। अगर किसी स्टंट में मेरी हालत खराब होगी, तो होगी। अगर मैं पैनिक करूंगा, तो वो भी दिखेगा।'जब उनसे पूछा गया कि क्या वो इस शो के जरिए अपनी कोई इमेज बदलना या तोड़ना चाहते हैं? इस पर एक्टर ने कहा, 'मैं कोई इमेज नहीं तोड़ना चाहता, क्योंकि सच कहूं तो मैंने कभी खुद को किसी इमेज में बांधा ही नहीं। लेकिन हां, लोग मुझे हमेशा हंसते हुए देखते हैं, मजाक करते हुए देखते हैं।

## अमीरों की चकाचौंध भरी जिंदगी में तांक-झांक!

**नई दिल्ली।** टेलीविजन की चर्चित जोड़ी करण कुंद्र और तेजस्वी प्रकाश काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इस चर्चित जोड़ी को फैंस खूब पसंद करते हैं। हाल ही में इन्हें 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' में देखा गया था। अब ये दोनों दुबई पहुंचे हैं।



वे यहां बड़े-बड़े लोगों की जिंदगी से जुड़ी चीजों को करीब से देख रहे हैं। ऐसा वे अपने नए रियलिटी शो 'देसी ब्लिंग' के कारण कर रहे हैं, जिसका मंगलवार को ट्रेलर रिलीज हुआ है। 'देसी ब्लिंग' एक रियलिटी शो है, जो नेटफ्लिक्स पर आएगा। आज सोमवार को ओटीटी के दिग्गज प्लेटफॉर्म ने इसका ट्रेलर जारी किया है। इस शो में दरअसल, दुबई में रहने वाले अमीर भारतीयों को दिखाया जाएगा। उनकी लाइफस्टाइल, विचार और तौर-तरीके ट्रेलर के साथ ही इस शो की रिलीज डेट का भी पता चल गया है। इसका प्रीमियर 20 मई से नेटफ्लिक्स पर होगा। नेटफ्लिक्स ने ट्रेलर जारी करते हुए लिखा है, 'बुर्ज खलीफा जितने बड़े ड्रामा के लिए खुद को तैयार रखें।

# कान फिल्म फेस्टिवल में छाईं आलिया सामने आई पहली झलक ...

**लॉस एंजिल्स।** कान फिल्म फेस्टिवल का आगाज मंगलवार को ओपनिंग सेरेमनी के साथ हुआ। इस प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में दुनियाभर की सिनेमा और फैशन जगत की चर्चित हस्तियां शामिल होती हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट भी यहां पहुंची हैं। कान फेस्टिवल से उनका एक लुक सामने आया है। आलिया भट्ट ने लाइट ग्रीन कलर का फ्लोरल कौर्सेट कैरी किया है, जो व्हाइट बॉलगाउन स्कर्ट सरीखा लग रहा है। आलिया का यह लुक बेहद रिफ्रेशिंग और स्टाइलिश है। एक्ट्रेस ने ग्लोबल मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वे ग्लैमरस लुक में इतनी सहज और प्यारी लग रही हैं कि देखने वाले लोग तारीफें कर रहे हैं।आलिया ने व्हाइट बेस पर येलो, ग्रीन और ब्लू शेड वाले इस फ्लोरल लुक गाउन के साथ अपने हेयर स्टाइल को भी बेहद खास रखा है। उन्होंने हाईबन बनाया है। आलिया ने अपना लुक बेहद सिंपल रखा है। न उन्होंने गले में नेकलेस पहना है न कलाई पर कोई ब्रेसलेट या घड़ी। इसके बावजूद अपने दमदार अंदाज से उन्होंने लोगों का ध्यान खींचा है। आलिया भट्ट का कान फेस्टिवल का यह लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और नेटिजंस के रिएक्शन सामने आ रहे हैं। एक्ट्रेस को सकारात्मक रिएक्शंस मिल रहे हैं। यूजर्स उन्हें डिज्नी प्रिंसेस बुला रहे हैं।



## ये भारतीय स्टार्स आएंगे नजर

इस साल कान फिल्म फेस्टिवल में नजर आने वाले भारतीय सितारों में आलिया भट्ट और तारा सुतारिया के अलावा ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी, मौनी रॉय और करण जौहर के भी इस फेस्टिवल में पहुंचने की संभावनाएं हैं। फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को 65वें कान क्रिटिक्स वीक के जूरी का अध्यक्ष भी बनाया गया है।

# लकड़बग्घा-2 की होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

**मुंबई।** अभिनेता और निर्देशक अंशुमन झा की फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' इस साल 79वें कान फिल्म फेस्टिवल के मार्चे दु फिल्म में स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए तैयार है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2' साल के आखिर में रिलीज से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज होने की तैयारी कर रही है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी। 'लकड़बग्घा 2' भारत और इंडोनेशिया के बीच पहला आधिकारिक सह-निर्माण (को-प्रोडक्शन) है। इस फिल्म का निर्देशन अंशुमन झा ने किया है। फिल्म में सनी पैंग, डैन चुपोंग, आदिल हुसैन, सारा-जेन डायस और अंशुमन झा ने भी अभिनय किया है। अंशुमन झा ने बताया, 'पहली फिल्म कुत्तों के प्यार पर आधारित थी। दूसरी फिल्म 'द मंकी बिजनेस' इसे बढ़ाकर सभी जानवरों तक ले जाती है। जानवर इसलिए खत्म हो रहे हैं क्योंकि इंसानियत खत्म हो रही है। हम एक्शन को सिर्फ मार-पीट तक नहीं रखना चाहते, बल्कि इसमें गहराई और मकसद भी देना चाहते हैं।' अंशुमन झा की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' दिवाली 2026 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म, जो 2023 की फिल्म का सीक्वल है, दिवाली 2026 पर नितेश तिवारी की 'रामायण भाग 1' के साथ बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा।



## बॉम्बे स्टोरीज भी होगी प्रदर्शित

***मुंबई।** कान फिल्म फेस्टिवल में मौनी रॉय शिरकत करने के लिए तैयार हैं। उनकी इंडो-अमेरिकन फिल्म 'बॉम्बे स्टोरीज' को समारोह में प्रदर्शित किया जाएगा। शाह काजमी द्वारा निर्देशित यह फिल्म सआदत हसन मंटो के उपन्यास पर 'बॉम्बे स्टोरीज' पर आधारित है। निर्देशक काजमी ने इस साल मार्चे डू फिल्म में फिल्म की स्क्रीनिंग की पुष्टि की। उन्होंने कहा, 'इसे कान्स फिल्म मार्केट में प्रदर्शित किया जाएगा। 19 मई को कान्स से और ज्यादा जानकारी जारी की जाएगी। हम पोस्टर लॉन्च भी कर रहे हैं। यह एक सशक्त महिला-केंद्रित फिल्म है जिसमें एक संदेश है। यह भारतीय उपमहाद्वीप के महानतम लेखकों में से एक द्वारा लिखित एक संकलन पर आधारित है।'निर्देशक ने कहा, "मेरी यात्रा 2016 में कान्स से शुरू हुई। जब हम मंटो की विभाजन संबंधी कहानियों पर आधारित फिल्म 'मंटोस्तान' (2017) बना रहे थे, तब मुझे इस फिल्म समारोह के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। सौभाग्य से, हमें कान्स में जगह मिली और इस मंच ने हमें काफी पहचान दिलाई है।" फिल्म में मौनी के अलावा, अनुप्रिया गोयनका और सुष्मिता सिंह भी अहम किरदार में हैं। इसकी कहानी शहर की सेक्स वर्करों की जिंदगी पर आधारित है।*

## दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और मेकर्स ने बनाई है अपनी अलग पहचान

# कान फिल्म फेस्टिवल में भारत का जलवा, रेड कार्पेट से अवॉर्ड तक का शानदार सफर

***नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में गिने जाने वाले कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय सिनेमा का सफर बेहद खास रहा है। दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और फिल्ममेकर्स ने कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी अलग पहचान बनाई है। कभी फिल्मों ने यहां तालियां बटोरीं, तो कभी भारतीय सितारों का रेड कार्पेट लुक चर्चा में रहा।*

### नीचा नगर बनी पहली भारतीय फिल्म




भारत ने पहली बार साल 1946 में कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया था। नीचा नगर पहली भारतीय फिल्म थी, जिसने कान में बड़ी सफलता हासिल की। फिल्म को उस समय फेस्टिवल का सबसे बड़ा सम्मान पाम डी ओर (तब ग्रैंड प्रिक्स) मिला था। यह भारतीय सिनेमा के लिए गर्व का पल था।

### सत्यजीत रे ने बढ़ाया भारत का मान



इसके बाद धीरे-धीरे भारतीय फिल्मों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी मौजूदगी मजबूत करनी शुरू की। सत्यजीत रे की फिल्मों ने कान में भारत का नाम रोशन किया। उनकी कई फिल्मों को वहां सराहा गया और दुनियाभर के दर्शकों ने भारतीय कहानी कहने के अंदाज को पसंद किया।

### जब भारत को कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया

साल 2022 भारत के लिए और भी खास रहा, जब भारत को कान फिल्म फेस्टिवल में कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया। उसी साल दीपिका पादुकोण को जूरी सदस्य बनने का मौका मिला, जो भारतीय सिनेमा के लिए बड़ी उपलब्धि मानी गई।

### ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों का शानदार प्रदर्शन

हाल के वर्षों में ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों ने भी कान में शानदार प्रदर्शन किया और साबित किया कि भारतीय सिनेमा अब सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी कहानियां दुनियाभर के दर्शकों को प्रभावित कर रही हैं। आज कान फिल्म फेस्टिवल भारतीय सिनेमा के लिए सिर्फ एक मंच नहीं, बल्कि दुनिया के सामने अपनी कला, संस्कृति और कहानियों को दिखाने का सबसे बड़ा अवसर बन चुका है।

### सलाम बॉम्बे ने बटोरी तारीफें

साल 1988 में 'सलाम बॉम्बे' ने कान में खूब तारीफें बटोरीं और कैमरा डी'ऑर अवॉर्ड जीता। इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा को नई पहचान दिलाई। वहीं , मीरा नायरभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो गईं।



### भारतीय सितारों ने खींचा सबका ध्यान

कान फिल्म फेस्टिवल में सिर्फ फिल्में ही नहीं, भारतीय सितारों का फैशन और ग्लैमर भी हमेशा चर्चा में रहता है। ऐश्वर्या राय बच्चन, दीपिका पादुकोण, सोनम कपूर और प्रियंका चोपड़ा जैसे सितारों ने रेड कार्पेट पर अपने शानदार अंदाज से दुनियाभर का ध्यान खींचा।

## खबर संक्षेप

### शराब बंदी की पहल गांव के पंच ने जारी किया फरमान

**कोसीर।** कोसीर मुख्यालय के समीप ग्राम पंचायत सिलियारी व आश्रित गांव रक्शा में गांव की सरकार राजेश भारद्वाज सरपंच, पंच व जिला पंचायत सदस्य संतोषी अरविन्द खटकर के नेतृत्व मे गांव रक्शा में विशेष बैठक बुलाकर सभी पंचायत प्रतिनिधि व नागरिक गण की सहमति से एक बेहतरीन निर्णय लेते हुए गांव में शराब बंदी कराया और कहा आज से हमारे गावं भी एक आदर्श गांव के नाम से जाना जाएगा। गांव में किसी भी प्रकार के अवैध शराब बिकी पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा और इस नियम की अवहेलना करने पर आर्थिक दंड से दंडित किया जाएगा। इस तरह से ग्राम के सरपंच की इस बेहतरीन पहल की सभी ने सराहना की। वही सरपंच ने कहा शराब पीना और शराब बेचना बहुत ही निदंनीय विषय है,इससे गांव-घर में कलह उत्पन्न होता है जिससे शान्ति भंग होती है। लोगो को तकलीफ होती है आज इस विषय को सभी को गंभीरता से लेना होगा हर पंचायत के गांव गावं मे आवाज उठाना चाहिए जिससे शराब बंदी हो जाएगा। पंचायत की इस बेहतर पहल से महिलाओ ने काफी खूशी जाहिर करते हुऐ इस सराहना की ।

### प्रभावित ग्राम सभाओं का समर्थन, विकास, रोजगार एवं मुआवजे के पक्ष में ग्रामीण

# एसईसीएल का वादा, केलो नदी के प्राकृतिक प्रवाह से नहीं होगी किसी तरह की छेड़छाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल की पेलमा खुली खदान परियोजना के अंतर्गत प्रभावित ग्रामों में विधिवत ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं में ग्रामीणों को परियोजना से संबंधित सभी तथ्यों एवं प्रस्तावित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। चर्चा के पश्चात ग्राम सभाओं द्वारा सर्वसम्मति से परियोजना के पक्ष में प्रस्ताव पारित करते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र एनओसी प्रदान किया गया।

परियोजना हेतु आवश्यक वन भूमि हस्तांतरण के संबंध में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम, 2008 एफआरए के प्रावधानों के अंतर्गत सभी संबंधित ग्राम सभाओं द्वारा विधिवत सहमति प्रदान की गई है। पेलमा खुली खदान परियोजना में मुख्यतः कुल 8 ग्रामों की भूमि तथा ग्राम खर्रा की आंशिक भूमि सहित लगभग 2077 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। पेलमा परियोजना से प्रभावित परिवारों की भूमि, आवास एवं



आजीविका से जुड़े विषयों पर ग्रामीणों द्वारा रखी गई मांगों एवं सुझावों को एसईसीएल द्वारा गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ स्वीकार किया गया है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि प्रभावित परिवारों के हितों की रक्षा करते हुए पारदर्शी एवं न्यायसंगत पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन आर एण्ड आर नीति लागू की जाएगी। एसईसीएल द्वारा जो भूमिहीन व्यक्ति अधिग्रहण के पूर्व से वहाँ निवासरत हैं, उन्हें मकान का मुआवजा एवं नियमानुसार पुनर्वास लाभ प्रदान किया जाएगा। साथ ही, कोल इंडिया लिमिटेड की आर एंड आर नीति के अंतर्गत रोजगार उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न प्रावधान किए गए हैं, जैसे ठेकेदार के अधीन रोजगार उपलब्ध कराना, दुकान निर्माण कर प्रदान करना आदि। परियोजना के प्रारंभ होने से क्षेत्र में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 1500 से अधिक रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है, जिनमें स्थानीय युवाओं एवं प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही स्वरोजगार, कौशल विकास एवं महिला स्व-सहायता समूहों को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण के संबंध में यह स्पष्ट किया गया है कि केलो नदी के प्राकृतिक प्रवाह को किसी भी प्रकार से बाधित अथवा परिवर्तित नहीं किया जाएगा। जल संरक्षण एवं पर्यावरणीय मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

एसईसीएल द्वारा वर्तमान में कोई हवाई सर्वेक्षण नहीं किया जा रहा है। एसईसीएल द्वारा परियोजना क्षेत्र में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु निरंतर कार्य किया जाएगा, जिससे स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर में सुधार हो सके। कंपनी ने यह भी अवगत कराया कि कुछ बाहरी तत्वों द्वारा भ्रामक सूचनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि अधिकांश ग्रामीण परियोजना के विकासात्मक एवं रोजगारपरक लाभों को समझते हुए इसका समर्थन कर रहे हैं। एसईसीएल ने दोहराया कि कंपनी स्थानीय जनभावनाओं का सम्मान करते हुए प्रशासन एवं ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित कर क्षेत्र के समग्र एवं सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# सरिया पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



सरिया पुलिस को काले रंग की बाइक क्रमांक एमपी 34 एमबी 0154 में दो लोग सवार होकर ओड़िशा से गांजा लेकर जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने थाना के सामने मेन रोड में घेराबंदी कर गाड़ी को रोकी गई। मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स क्रमांक एमपी 34 एमबी 0154 में दो लोग सवार होकर आ रहे थे।

पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया। मोटर साइकिल चालक ने अपना नाम गणेश ठाकुर पिता आशाराम ठाकुर 29 और पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अवि घोसी पिता प्रहलाद घोसी 26 दोनों निवासी ग्राम तेन्दुखेड़ा बीड़ी कॉलोनी वार्ड नंबर 09 थाना तेन्दुखेड़ा जिला दमोह मध्य प्रदेश के रहने वाले बताए। जिनके पिट्टू बैग को चेक करने पर पिट्टू बैग में 04 पैकेट 02-02 किलोग्राम का अवैध गांजा मिला। गांजा के संबंध में पूछताछ करने पर बरगढ़ ओड़िशा से लेकर जबलपुर मध्य प्रदेश बिक्री करने ले जाने की बात कही। गांजा के संबंध उनके द्वारा कोई दस्तावेज पेश नहीं किया गया। एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से 09 किलो 265 ग्राम गांजा विधिवत जब्त किया गया। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट का अपराध सिद्ध पाये जाने से आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं थाना में अपराध क्रमांक 96/2026 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट कायम कर विवेचना में लिया जाकर आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### रस्सी से बांधकर ...

लिया और रस्सी से हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद आरोपियों ने लाठी-डंडों और लोहे की सरिया से उनके पति की बेरहमी से पिटाई की।

### बगीचा नगर पंचायत ...

प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी से ही संभव है। उन्होंने सभी से यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। 16 किसानों को मिला केसीसी- जनपद पंचायत बगीचा के ग्राम महुआ में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 16 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किया गया। केसीसी मिलने से किसानों को अब खेती-किसानी के कार्यों के लिए आसानी से ऋण सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इसी प्रकार कृषि विभाग द्वारा 7 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी प्रदान किए गए। मृदा स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से किसानों को अपनी जमीन की उर्वरा क्षमता, मिट्टी में उपलब्ध पोषक तत्वों तथा आवश्यक उर्वरकों की सही जानकारी मिलेगी। इससे किसान वैज्ञानिक तरीके से खेती कर सकेंगे और आवश्यकता अनुसार खाद एवं उर्वरकों का उपयोग कर उत्पादन बढ़ाने में सफल होंगे।

# राष्ट्रीय योगासन ओलंपियाड में चंद्रपुर के खिलाड़ियों ने बढ़ाया जिले का मान

**चंद्रपुर।** बरजेश स्कूल बिलासपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित संभाग स्तरीय राष्ट्रीय योगासन ओलंपियाड में सक्ती जिले के चंद्रपुर क्षेत्र के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन प्राप्त किया है। पारंपरिक योग वर्ग में चयनित प्रतिभागियों में शिवांश सिदार, केतन देवांगन, नितीश कुमार मेहर, अविनाश डुआन, घृतेश देवांगन, चंदन मेहर, लीना पटेल, ऐशु पटेल एवं अनुभूति चौहान शामिल हैं।

सभी प्रतिभागी स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चंद्रपुर के छात्र छात्राएं हैं। सभी खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से चंद्रपुर एवं सक्ती जिले का नाम गौरवान्वित किया है। खिलाड़ियों की इस सफलता का श्रेय उनके प्रशिक्षक शोभा कुमार आनंद सर को दिया जा रहा है, जिनके मार्गदर्शन एवं निरंतर अभ्यास से खिलाड़ियों ने यह



उपलब्धि हासिल की। क्षेत्रवासियों, विद्यालय परिवार एवं खेल प्रेमियों ने सभी चयनित प्रतिभागियों को बधाई दी।







